एक नजर

घर से साढे 7 लाख की अवैध शराब बरामद

इदौर, (नप्र)। आबकारी विभाग की टीम द्वारा तहसील सावेर के ग्राम बड़ोदिया खान में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर जब्त की गई। बताया गया कि आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम बड़ोदिया खान में जितेंद्र पिता रामेश्वर सोलंकी के घर पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मौके पर आरोपी उपस्थित नहीं था। तलाशी के दौरान घर से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई, जिसे विधिवत जब्त किया गया। कार्रवाई में कुल 69 पेटी शराब, जिसकी कुल मात्रा लगभग 651 लीटर है, बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग द्वारा जब्त मदिरा को नियमानुसार कब्जे में लेकर प्रकर ा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्र ा के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा अवैध रूप से शराब का भंडार ा एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध मदिरा के संबंध में प्राप्त सूचनाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

तेज रफ्तार कार ने मां-बेटी को मारी टक्कर

इंदौर,(नप्र)। तेज रफ्तार कार ने मां-बेटी को टक्कर मार दी। हादसा 60 फीट रोड पर हुआ। आसपास के रहवासियों और राहगीरों ने दोनों को निजी अस्पताल पहुंचाया। एरोड्रम इलाके के 60 फीट रोड पर हुए हादसे का शुक्रवार को सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें तेज रफ्तार कार मां-बेटी को टक्कर मारती दिखाई दे रही है। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के रहवासी और राहगीर मौके पर पहुचे। उन्होंने घायल महिला और बच्ची को संभाला और इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में कान्यकुब्ज नगर निवासी श्वेता के शरीर और सिर में चोटें आई हैं।

सात राज्यों के बिजली अधिकारियों को दी स्मार्ट मीटर की जानकारी

इंदौर,(नप्र)। केंद्र एवं राज्य शासन की प्राथमिकता वाली स्मार्ट मीटर परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए पश्चिम क्षेत्र कंपनी द्वारा प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अधिकतम प्रयास किए जा रहे हैं, साथ ही विभिन्न राज्यों, बिजली कंपनियों को भी स्मार्ट मीटर योजना, क्रियान्वयन, उपभोक्ता लाभ, त्रुटिरहित बिल सेवा व अन्य लाभों की जानकारी दी जा रही है। केंद्री ऊर्जा मंत्रालय पावर फायनेंस कार्पोरेशन के तत्वावधान में भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर उच्च स्तरीय ट्रैनिंग के लिए आए राज्यों के दल ने शुक्रवार दोपहर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितर ा कंपनी के स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर की विजिट की। दल में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, हरिया ा, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश के बिजली अधिकारी शामिल थे। दल को स्मार्ट मीटर परियोजना की अधीक्ष ा यंत्री श्रीमती कीर्ति सिंह, स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर प्रभारी श्री नवीन गुप्ता ने विस्तार से जानकारी दी। स्मार्ट मीटर की उपभोक्ता हित में जरूरत, डाटा विश्लेष ा, बिजली चोरी रोकने, शासन की रियायत को समय पर दिलाने, त्रुटिरहित ऑटोमेटेड रीडिंग- बिलिंग, टाईम ऑफ द डे की छूट दिलाने, संतुलित बिजली खपत से बिल पर नियंत्र ा, सौर ऊर्जा नेट मीटर के रूप में उपयोग इत्यादि जानकारी दी गई।

अनाज मंडी में मुनाफे का झांसा, 1.43 करोड़ ठगे

दो सगे भाई गिरफ्तार, गौरव पर 8 और आकाश पर 2 केस, निवेश के नाम पर ठगी

इंदौर,(नप्र)। इंदौर क्राइम ब्रांच ने व्यापार में निवेश के नाम पर 1 करोड़ 43 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो सगे भाइयों गौरव जैन और आकाश जैन को गिरफ्तार किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गौरव पर पहले से 8 और आकाश पर 2 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

अनाज मंडी के कारोबार में मुनाफे का दिया था लालच- एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, बिचौली रोड स्थित अरावली परिसर निवासी कवलदीप सिंह रीन ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि गौरव और आकाश ने उन्हें अनाज मंडी के कारोबार में पैसा लगाने और मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया था।

झांसे में आकर कवलदीप ने अलग-

अलग समय पर बैंक खातों के माध्यम से कुल 1.43 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए।

रकम लौटाने से इनकार, क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई

जब कवलदीप ने अपनी मूल रकम और मुनाफे का पैसा वापस मांगा, तो आरोपियों ने रुपए लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने इंदौर क्राइम ब्रांच में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच के बाद केस दर्ज किया और शुक्रवार को दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया।

म्यूल खातों के मामले में मुख्य आरोपी बालेश्वर भी गिरफ्तार

इधर, क्राइम ब्रांच ने 250 से अधिक बैंक म्यूल खातों की जानकारी उपलब्ध कराने के मामले में मुख्य आरोपी बालेश्वर को भी गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने ललित उर्फ ऋषि को पकड़ा था। ललित के कब्जे से 21 बैंक पासबुक, 8 एटीएम कार्ड, 20 चेकबुक, 7 दफकोड और 1 लैपटॉप जब्त किया गया था।

संघ को जानने के लिए अनुभवशाला एक अच्छा प्रयोग : डॉ. मोहन भागवत

सरसंघचालक ने किया संघ अनुभवशाला का लोकार्प ा, प्रदर्शनी निशुल्क अवलोकन के लिए 27 सितंबर से उपलब्ध रहेगी

इंदौर,(नप्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत द्वारा संघ अनुभव शाला का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध नागरिक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में संघ अनुभव शाला के निर्माणकताओं का सम्मान किया गया।

अपने उद्बोधन में सरसंघचालक जी ने कहा कि अनुभवशाला नाम की सार्थकता है। संघ को कोई प्रदर्शन नहीं करना है। संघ एक अनोखा संगठन है, इसके जैसा कोई और नहीं है, अतः संघ को जानने के लिये अनुभवशाला एक अच्छा प्रयोग है। पूरी दुनिया और निकट के इतिहास में संघ जैसा कोई संगठन या कार्य नहीं हुआ। परिस्थिति के अनुसार बदलने के सामर्थ्य वाले संघ में कुछ बातें अपरिवर्तनीय हैं। यह समझने के लिये भी अनुभव की आवश्यकता है। संघ का अनुभव, संघ के किसी कार्यक्रम में तीन-चार दिन साथ रह कर प्राप्त किया जा सकता है। संघ जानने-समझने

लायक है, यह बात अनुभवशाला से समझ में आती है।

संघ को समझने के लिये लोग कार्यालय आते हैं, वहाँ कार्य का वातावरण समझ में आता है। गागर में सागर भरने वाली प्रदर्शनी यह अनुभवशाला है। संघ का प्रत्यक्षदर्शन कराने वाली यह अनुभवशाला है। संघ अनुभव शाला की जानकारी देते हुए मोहित जैन ने बताया कि एक विचार, एक यात्रा – राष्ट्र प्रथम की भावना पर आधारित यह अनुभवशाला संघ की सौ वर्षों की यात्रा, संघ के विचार, कार्यपद्धति और समाज जीवन में योगदान को सरल एवं रोचक रूप में प्रस्तुत करती है। संघ अनुभव शाला का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत की संस्कृति से परिचित कराना, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव जगाना तथा राष्ट्र प्रथम के विचार को व्यवहार में अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ हेडगेवार स्मारक समिति के उमेश वर्मा ने किया तथा आभार समिति के सचिव राकेश यादव ने किया। यह प्रदर्शनी समाज के निशुल्क अवलोकन के लिए 27 सितंबर से प्रतिदिन प्रातः 9:00 से रात्रि 8:00 उपलब्ध रहेगी।

लोकार्पण कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रान्त के संघचालक डॉ प्रकाश शास्त्री, इन्दौर विभाग संघचालक मुकेश मोढ और डॉ हेडगेवार स्मारक समिति के अध्यक्ष ईश्वर हिन्दुजा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निमार्णाधीन बिल्डिंग में हादसा महिला मजदूर की मौत

कनाड़िया में दीवार गिरी, देवर घायल, अस्पताल में महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

इंदौर,(नप्र)। कनाड़िया इलाके में गुरुवार शाम निमार्णाधीन बिल्डिंग की दीवार का एक हिस्सा गिर गया। हादसे में वहां काम करने वाली महिला सावित्री बाई की मौत हो गई, जबकि उसका देवर दिनेश घायल हो गया। महिला और उसका परिवार बिल्डिंग के पास ही रहते थे और वहीं काम करते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

दीवार गिरने से सीमेंट का कॉलम सिर पर लगा

पुलिस के मुताबिक घटना बायपास स्थित बिचौली इलाके की है। यहां गुरुवार को बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा था। सावित्री बाई, उसका पति देवल सिंह, देवर दिनेश और अन्य लोग यहां काम कर रहे थे। शाम को अचानक दीवार का एक हिस्सा गिर गया। बताया जाता है कि इस दौरान दीवार के ऊपर बना सीमेंट का कॉलम सावित्री बाई के सिर पर आ गिरा। हादसे में उसका देवर दिनेश भी घायल हो गया।

एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

सावित्री बाई को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, दिनेश को अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद रात में छुट्टी दे दी गई। पुलिस के मुताबिक सावित्री बाई खरगोन के पास की रहने वाली थी और परिवार के साथ काम की तलाश में इंदौर आई थी।

पुलिस ने बिल्डिंग के ठेकेदार और मालिक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

डेबिट कार्ड हैक कर दो मोबाइल खरीदे

इंदौर,(नप्र)। निजी फर्म में काम करने वाले रंजीत कुमार भंडारी के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर अज्ञात व्यक्ति ने आईफोन समेत दो मोबाइल खरीद लिए। दोनों मोबाइल की कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए है। रंजीत को ठगी की जानकारी तब लगी, जब बैंक से किस्तें जमा नहीं होने का कॉल आया। कनाड़िया पुलिस ने रंजीत की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। रंजीत ने बताया कि 27 तारीख को एचडीएफसी बैंक से कॉल आया। बैंक ने बताया कि उनके डेबिट कार्ड से आईफोन 16 और एक अन्य कंपनी का फोन खरीदा गया है और दोनों की एटकजमा नहीं हुई है। बैंक से कॉल आने के बाद रंजीत एचडीएफसी बैंक पहुंचे और जानकारी ली। वहां पता चला कि जनवरी 2026 में अज्ञात व्यक्ति ने उनका डेबिट कार्ड हैक कर दो मोबाइल खरीदे थे। दोनों मोबाइल की खरीदारी ऑनलाइन वेबसाइट फ्लिपकार्ट से की गई थी। रंजीत ने मामले की शिकायत साइबर पुलिस से की। पुलिस ने दोनों मोबाइल की ऑनलाइन जानकारी निकाली। इसमें पता चला कि एक मोबाइल दिल्ली में राहुल नाम का व्यक्ति चला रहा है, जबकि दूसरा पु ो में उज्जवल नाम के युवक के पास है। पुलिस अब दोनों मोबाइल नंबरो के यूजर्स से बात कर रही है।

शादी का झांसा देकर युवती से बनाए संबंध

इंदौर,(नप्र)। विजय नगर थाना क्षेत्र में 28 वर्षीय युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और मारपीट कर सिगरेट से जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर गौरव (पिता संजय कुमार) के खिलाफ दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

कॉमन हॉस्टल में हुई थी पहचान- पुलिस के मुताबिक युवती अक्टूबर 2024 में पढ़ाई के लिए इंदौर आई थी। कॉमन हॉस्टल में उसकी पहचान गौरव से हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और वे साथ घूमने भी जाने लगे। बाद में गौरव अलग जगह रहने लगा।

युवती का आरोप है कि अगस्त 2025 में वह गौरव के फ्लैट पर गई थी। यहां आरोपी ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद वह शादी की बात को लगातार टालता रहा।

मामूली टक्कर को लेकर विवाद, युवक पर हमला

इंदौर। चंदननगर क्षेत्र में एक शराब दुकान के पास मामूली टक्कर होने की बात को लेकर आरोपियों ने एक युवक पर सीमेंट ब्लाक ,बीयर की खाली बोतल और डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

नाम परिवर्तन

सर्वविदित जिनकी मेरे पासपोर्ट (P1567343) में मेरा नाम **त्रिलोचन सिंह लोची पिता सरदार सोहन सिंह** दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पहचान पत्र में मेरा नाम **त्रिलोचन सिंह पिता सोहन सिंह** दर्ज है जो की मेरा वास्तविक और सही नाम है। अतः अभी तथा भविष्य में मुझे **त्रिलोचन सिंह** के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

त्रिलोचन सिंह
पिता सोहन सिंह
322, विष्णुपुरी एनएक्स, भँवरकुआ चौराहे के पास, इंदौर (म.प्र.)

Change in Name

I, **Abdul Haque** S/O Abdul Lateef, here by declare that I have changed my name is **Abdul Haq** S/O Abdul Lateef so, from now and in future I will be known by my new name.

Abdul Haq
S/O Abdul Lateef
M. No.07 Gali No. 01 Budhwara Masjid Ke Pass, Khandwa East Nimar MP

तीन साल के मासूम को कुचला, इलाज के दौरान तोड़ा दम, ड्राइवर वैन लेकर भागा

इंदौर,(नप्र)। राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा में शुक्रवार सुबह स्कूली वैन की टक्कर से 3 साल के जीत ठाकुर की मौत हो गई। वैन उसके बड़े पिता के 5 साल के बेटे को लेने आई थी। हादसे के बाद ड्राइवर वैन लेकर मौके से चला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

अचानक गाड़ी मोड़ने से चपेट में आया बच्चा

राऊ पुलिस के अनुसार हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ। जीत अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान उसके बड़े पिता के बेटे को लेने आई स्कूली वैन के ड्राइवर ने गाड़ी को घर की तरफ मोड़ा, जिससे जीत उसकी चपेट में आ गया।

हादसे में जीत गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके चाचा विजय और अन्य लोग उसे निमेष अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत बिगड़ने पर उसे चोइथराम अस्पताल भेजा गया।

दोपहर 12 बजे इलाज के दौरान मौत

चोइथराम अस्पताल में इलाज के दौरान दोपहर करीब 12 बजे जीत ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने वैन को जब्त कर लिया है और ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

पिता मजदूरी करते हैं, डेढ़ साल की बहन

जीत के पिता विनोद मजदूरी करते हैं। परिवार में उसकी डेढ़ साल की बहन भी है। उसके माता-पिता, पिता के दो भाई और अन्य परिजन साथ रहते हैं।

सयाजी होटल्स (इंदौर) लिमिटेड

CIN: L55209MP2018PLC076125
रजिस्टर्ड ऑफिस: H-1, स्कीम नंबर 54, विजय नगर, इंदौर (म.प्र.)-452010
फ़ोन: 0731-4006666, ईमेल: cs@shilindore.com, वेबसाइट: www.shilindore.com

पोस्टल बैलेट और रिमोट ई-वोटिंग की सूचना

सूचित किया जाता है कि कंपनीज़ एक्ट, 2013 ("एक्ट") की धारा 108 और 110, कंपनीज़ (मैनेजमेंट एंड एडमिनिस्ट्रेशन) रूल्स, 2014 ("रूल्स") के नियम 20 और 22 (इनमें हुए किसी भी संशोधन सहित), सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन्स, 2015 ("लिस्टिंग रेगुलेशन्स") का रेगुलेशन 44 (संशोधित), मिनिस्ट्री ऑफ़ कॉर्पोरेट अफेयर्स (MCA) द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 (8 अप्रैल, 2020), 17/2020 (13 अप्रैल, 2020), 22/2020 (15 जून, 2020), 33/2020 (28 सितंबर, 2020), 39/2020 (31 दिसंबर, 2020), 3/2022 (5 मई, 2022), 11/2022 (28 दिसंबर, 2022), 09/2023 (25 सितंबर, 2023), 9/2024 (19 सितंबर, 2024) और 3/2025 (22 सितंबर, 2025) ("जनरल सर्कुलर्स"), इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ़ इंडिया द्वारा जारी सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड्स-2 और अन्य लागू कानूनों और नियमों के अनुसार, सयाजी होटल्स (इंदौर) लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों से नीचे बताए गए कामकाज के लिए स्पेशल और ऑर्डिनरी प्रस्तावों के माध्यम से पोस्टल बैलेट/रिमोट ई-वोटिंग ("पोस्टल बैलेट/ई-वोटिंग") द्वारा मंज़ूरी मांगी जा रही है।

क्र.	कार्य - सूची	साधारण / विशेष प्रस्ताव
1.	कंपनी की उधार लेने की सीमा में बढ़ोतरी पर विचार करना और उसे मंज़ूरी देना।	विशेष संकल्प
2.	कंपनी और उससे जुड़ी पार्टियों के बीच 'मटेरियल रिलेटेड पार्टी ट्रांज़ैक्शन' (महत्वपूर्ण संबंधित पक्ष लेन-देन) पर विचार करना और उन्हें मंज़ूरी देना।	साधारण संकल्प

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

1. कंपनी ने शुक्रवार, 18 सितंबर 2026 को उन सदस्यों को केवल ई-मेल के ज़रिए पोस्टल बैलेट नोटिस भेजा है, जिनके ई-मेल पते कट-ऑफ तारीख यानी बुधवार, 16 सितंबर 2026 को कंपनी/डिपॉजिटरी के पास रजिस्टर्ड थे। इसके अलावा, ऊपर बताए गए सर्कुलर के अनुसार, सदस्यों को पोस्टल बैलेट नोटिस की फिजिकल कॉपी, पोस्टल बैलेट फ़ॉर्म और प्री-पेड बिज़नेस रिप्लाई लिफ़ाफ़ा नहीं भेजा गया है। इसलिए, सदस्यों को अपनी सहमति या असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के ज़रिए ही देनी होगी। कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग सुविधा देने के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की सेवाएँ ली हैं।
2. ऊपर बताया गया नोटिस और उसके साथ स्पष्टीकरण वाला बयान कंपनी की वेबसाइट **(www.shilindore.com)**, उस स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर लिस्टेड हैं यानी BSE लिमिटेड **(www.bseindia.com)**, और ई-वोटिंग एजेंसी CDSL की वेबसाइट **(www.cdslindia.com)** पर उपलब्ध है। जिन सदस्यों के ई-मेल पते रजिस्टर्ड नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट करने के लिए ऊपर बताई गई वेबसाइटों पर उपलब्ध 'पोस्टल बैलेट नोटिस' के 'नोट्स' में दी गई प्रक्रिया का पालन करें।
3. रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के ज़रिए वोट डालने के लिए सदस्यों की पात्रता तय करने की कट-ऑफ तारीख बुधवार, 16 सितंबर, 2026 थी। जिन सदस्यों के नाम कट-ऑफ तारीख को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए बेनिफिशियल ऑनर्स (लाभार्थी मालिकों) के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे ही रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।
4. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 21 सितंबर, 2026 को सुबह 09:00 बजे (IST) शुरू होगी और बुधवार, 21 अक्टूबर, 2026 को शाम 05:00 बजे (IST) समाप्त होगी। इसके बाद CDSL द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को बंद कर दिया जाएगा। एक बार जब कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर वोट डाल देता है, तो उसे बाद में वोट बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी। रिमोट ई-वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया / निर्देश पोस्टल बैलेट नोटिस के नोट्स में दिए गए हैं।
5. कंपनी ने पोस्टल बैलेट प्रक्रिया को संचालित करने के लिए प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी **श्री अनुज नीमा** को स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया गया है।
6. अगर कोई सवाल हो, तो सदस्य **www.cdslindia.com** के डाउनलोड सेक्शन में मौजूद "शेयरहोल्डर्स के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (FAQ's)" और "शेयरहोल्डर्स के लिए ई-वोटिंग यूज़र मैनुअल" देख सकते हैं, या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई-मेल कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।
7. ई-वोटिंग खत्म होने के दो वर्किंग दिनों के अंदर, ई-वोटिंग के नतीजे और स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट BSE लिमिटेड को बताई जाएगी (जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर लिस्टेड हैं)। साथ ही, इन्हें कंपनी की वेबसाइट **www.shilindore.com,** स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **www.bseindia.com** और ई-वोटिंग एजेंसी CDSL की वेबसाइट **www.cdslindia.com** पर भी अपलोड किया जाएगा।

सयाजी होटल्स (इंदौर) लिमिटेड के लिए
Sd/-
रऊफ रजाक धनानी
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00174654

दिनांक: **19 सितंबर, 2026**
स्थान: **इंदौर**

दो दिनों में 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 8 से लिए खाद्य नमूने

इंदौर, (नप्र)। इंदौर जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई का अभियान निरंतर जारी है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा खंडवा रोड स्थित पंडित जी ढाबा एंड रेस्टोरेंट , खंडवा रोड स्थित कारवां रेस्टोरेंट ,आदर्श रेस्टोरेंट, खंडवा रोड के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर प्रतिष्ठान संचालक को आवश्यक सुधार करने तथा खाद्य स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

व्हाट्सएप एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से प्राप्त शिकायत के आधार पर आरएनटी मार्केट स्थित बीकानेर वाला का भी निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार स्कीम नंबर 78, द हब, विजयनगर स्थित बर्गर फार्म्स का शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया। ह ोट ल माला, इंदौर, प्रोपराइटर संदीप वर्मा का भी शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया।

17 सितम्बर 2026 को भी की गई कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा 17 सितम्बर को भी विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। शिकायत के आधार पर नाकोड़ा एवरफ्रेश, संविद नगर, कनाड़िया रोड, इंदौर का निरीक्षण किया गया। प्रतिष्ठान पर कुकीज का लूज एवं पैक दोनों अवस्था में विक्रय किया जाना पाया गया। पैक कुकीज के लेबल नियमानुसार पाए गए, जबकि लूज कुकीज का नमूना जांच हेतु लिया गया है, जिसे राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है।स्वीट सॉल्यूशन, ग्राम कदवाली बुजुर्ग, तहसील सांवेर का शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया। यहां से स्वीट सॉल्यूशन ब्रांड दूध मलाई टॉफी एवं स्वीट सॉल्यूशन ब्रांड ईस्लेयर्स गोल्ड टॉफी के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। दोनों नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। विकास स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट का भी शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया। मौके से मावा एवं दूध से बनी मिठाइयों के कुल 4 नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए भोपाल भेजा जा रहा है। आरंभ रेस्टोरेंट, सपना-संगीता रोड, स्नेह नगर के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का अभाव पाया गया। मौके से पनीर एवं वेज बिरयानी के नमूने जांच हेतु लिए गए। निरीक्षण के दौरान किचन का ड्रेनेज सिस्टम उचित नहीं पाया गया, जिसके कारण पानी की निकासी की समस्या थी। किचन में रडेंट्स के ट्रेस पाए गए तथा प्रभावी पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं मिली। खिड़कियों की जालियां टूटी हुई पाई गईं, जिससे कीट-मकोड़ों के प्रवेश की संभावना थी। किचन में डस्टबिन खुले में रखे पाए गए। इसके अतिरिक्त खाद्य कर्मियों के मेडिकल सर्टिफिकेट एवं पेस्ट कंट्रोल संबंधी प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध नहीं पाए गए।

सरवटे और नेहरू पार्क रेलवे स्टेशन के बाहर का ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

इंदौर। सरवटे बस स्टैंड और नेहरु पार्क रेलवे स्टेशन ये दो ऐसे स्टेशन हैजहां रोज बाहर वाहनों का जाम लगा रहता है। बाहर जाने वाले तथा आने वाले यात्रियों को काफी परेशानी होती है। स्टेशन के बाहर यात्रियों के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है की जिससे की वे स्टेशन से बाहर निकलते ही खड़े होने की जगह मिल जाएं। इस मामले में रेलवे और बस स्टैशन प्रशासन वाहनों का जाम समाप्त करने के लिए प्लान तैयार कर रहे है। स्टेशन के बाहर एक व्यवस्थित 'पिक-अप और ड्रॉप जोन' बनना चाहिए ताकि स्टेशन के बाहर लगने वाले जाम से निपटा जा सके।

जानकारी के मुताबिक सरवटे बस स्टैंड और नेहरु पार्क रेलवे स्टेशन शहर के सबसे पुराने और बड़े स्टेशन है। यहां पर सुबह से लेकर रात तक आवाजाही बनी रहती है। बताया गया है की दोनों स्टेशन लोगों के लिए रोज का सिरदर्द इसलिए बने हुए है की जैसे ही कोई प्रमुख ट्रेन स्टेशन पर आती है, बाहर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का ऐसा जमावड़ा लगता है कि पूरी सड़क ब्लॉक हो जाती है। अब सबसे बड़ा सवाल आगामी 'सिंहस्थ महाकुंभ' को लेकर उठ रहा है, जहां 100 से अधिक ट्रेनों का संचालन होगा।

मुख्य समस्याएँ क्या हैं?

ट्रेन आते ही सवारी बैठाने की होड़ में वाहन बीच सड़क पर खड़े कर दिए जाते हैं। लगातार जाम और हॉर्न के शोर के कारण ग्राहकों ने इस क्षेत्र की दुकानों से खरीदारी करना लगभग बंद कर दिया है।

बताया गया है की यहां पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है , क्योंकि उचित पिक-अप/ड्रॉप जोन और पार्किंग न होने के कारण 20-30 मिनट तक भयंकर जाम लगा रहता है।